# रॉयल्टी चेक करने पर रेत माफिया ने की फायरिंग

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 18 जुलाई।** ग्वालियर अंचल में रेत माफियाओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला डबरा सिटी थाना क्षेत्र का है, जहाँ रॉयल्टी चेक करने पर माफियाओं ने न केवल कंपनी कर्मचारियों के साथ मारपीट की, बल्कि पुलिस वाहनों को भी निशाना बनाया। इस घटना में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

जिले में रेत उत्खनन का ठेका 'आरएसई स्टोन वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड' के पास है। कंपनी के कर्मचारी अर्जुन सोलंकी अपनी टीम के साथ टेकनपुर स्थित चेक पोस्ट पर रॉयल्टी और दस्तावेजों की जाँच कर रहे थे। शुक्रवार रात जब दो रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ वहाँ से गुजरीं, तो उन्हें रोकने के प्रयास में चालकों ने तेजी से वाहन भगा दिए।



**फायरिंग और पुलिस पर हमला :** अर्जुन सोलंकी ने जब अपनी टीम के साथ ट्रैक्टरों का पीछा किया, तो भरथरी पुल के पास ट्रैक्टर चालकों ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके तुरंत बाद मौके पर पहुँचे संजीव गुर्जर, यशपाल गुर्जर, मनीष गुर्जर, गोलू गुर्जर और प्रदीप गुर्जर ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। हैरानी की बात यह रही कि पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद माफिया ने फायरिंग जारी रखी। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिसकर्मियों को धमकाया जा रहा है और गोलियों की आवाजें सुनाई दे रही हैं।

**डायल-112 और डायल-100 को भी टक्कर**

इसी रात डबरा सिटी थाना क्षेत्र के अरू तिराहे पर रेत से भरे एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए डायल-112 वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में आरक्षक जितेंद्र साहू, राजेश रावत और पायलट धर्मेंद्र बघेल बाल-बाल बच गए। इससे पहले इसी क्षेत्र में एक डायल-100 वाहन को भी रेत से भरे ट्रैक्टर ने टक्कर मारी थी, जिसमें सवार तीन पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी धर्मवीर सिंह ने इसे गंभीरता से लिया और सक्रियता दिखाते हुए सभी संबंधित थानों की पुलिस को मौके पर भेजा। हालाँकि, पुलिस के पहुँचने से पहले आरोपी फरार हो गए थे। बाद में, कंपनी कर्मचारी अर्जुन सोलंकी ने डबरा सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। दूसरी ओर, पुलिस ने एक आरोपी को पीछा कर पकड़ लिया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई

**ग्वालियर, 18 जुलाई।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं न्यायनिर्णायक अधिकारी, ग्वालियर ने 16 प्रकरणों की सुनवाई के बाद 13 जुलाई 2026 को कुल 7 लाख 80 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया तथा दो खाद्य प्रतिष्ठानों के पंजीयन निरस्त करने के आदेश जारी किए। आदेश में अजय बघेल, फर्म श्री महालक्ष्मी डेयरी, बहोड़ापुर को अमानक दही बेचने पर 50 हजार रुपये का जुर्माना, कोमल चौरसिया (प्रभारी) एवं पंजीयनधारी जसवंत चौरसिया की फर्म जसवंत चौरसिया एम.एस., न्यू सिद्धेश्वर मिष्ठान भंडार, टेकनपुर पर अमानक मावा पाए जाने पर 1 लाख रुपये,जगमोहन गुर्जर, फर्म रतनदास डेयरी को अमानक मिक्स दूध बेचने पर 50 हजार रुपये, महेन्द्र सिंह पाल, फर्म जय मां दुर्गा डेयरी को अमानक मिक्स मिल्क तथा अपराध की पुनरावृत्ति के कारण 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा खाद्य पंजीयन भी निरस्त कर दिया गया।

# डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा पशुपालन विभाग, छह महीने से अटकी नियुक्तियाँ

**नौकरशाही और मंत्रालय के बीच फंसी पोस्टिंग, पशुपालक परेशान**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 18 जुलाई।** मध्य प्रदेश का पशुपालन विभाग इन दिनों पशु चिकित्सकों की भारी कमी से जूझ रहा है। विभाग में चयनित पशु चिकित्सा अधिकारियों की पोस्टिंग पिछले लगभग छह महीनों से लंबित है, जिसके चलते प्रदेश के अनेक पशु चिकित्सालयों में डॉक्टरों के पद रिक्त पड़े हैं। इसका सीधा असर पशुपालकों और उनके पशुओं के उपचार पर पड़ रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों का कहना है कि डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण उन्हें सामान्य उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान तथा आपातकालीन सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे पशुधन की उत्पादकता और किसानों की आय भी प्रभावित हो रही है।

**नौकरशाही और मंत्रालय के बीच फंसी प्रक्रिया :** जानकारी के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की पोस्टिंग की प्रक्रिया निदेशालय और मंत्रालय (वल्लभ भवन) के बीच लंबे समय से अटकी हुई है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि जाति सत्यापन को आधार बनाकर नियुक्ति प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है, जबकि कई अभ्यर्थियों के आवश्यक दस्तावेज पहले से उपलब्ध हैं। उनका कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर स्पष्ट निर्णय न होने के कारण पूरी प्रक्रिया ठप पड़ी हुई है।

**मुख्यमंत्री के पास विभाग आने से बढ़ी उम्मीद**

हाल ही में पशुपालन विभाग का प्रभार मुख्यमंत्री के पास आने के बाद चयनित अभ्यर्थियों में नई उम्मीद जगी है। उनका मानना है कि यदि मामले पर शीघ्र संज्ञान लिया जाता है तो लंबे समय से लंबित पोस्टिंग प्रक्रिया पूरी हो सकती है और विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ हो सकेंगी।

**पारदर्शिता की मांग**

चयनित पशु चिकित्सकों की प्रमुख मांग है कि पोस्टिंग प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए। इसके लिए वे ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की व्यवस्था लागू करने की मांग कर रहे हैं, ताकि अभ्यर्थी अपनी वरीयता के अनुसार पदस्थापना का विकल्प चुन सकें और पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो। अभ्यर्थियों का कहना है कि इससे न केवल विवादों की संभावना कम होगी, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रिया में भी पारदर्शिता और विश्वास बढ़ेगा।

**किसानों और विभाग दोनों को इंतजार**

एक ओर प्रदेश का पशुपालन विभाग डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर चयनित पशु चिकित्सक नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ऐसे में पशुपालकों और अभ्यर्थियों दोनों की नजर अब राज्य सरकार पर है कि लंबित पोस्टिंग प्रक्रिया कब पूरी होती है और पशु चिकित्सा सेवाओं को आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध हो पाता है।

## अलग-अलग घटनाओं में तीन दरिंदे गिरफ्तार

**ग्वालियर, 18 जुलाई।** शहर में मानवता को शर्मसार करने वाली तीन अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**दादा द्वारा पोती से दुष्कर्म:** माधौगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी ही 8 वर्षीय पोती के साथ गलत काम किया। घटना के बाद बदनामी के डर से परिवार पहले चुप रहा, लेकिन बाद में बच्ची की बुआ ने पुलिस को शिकायत की, जिसके बाद आरोपी दादा को हिरासत में ले लिया गया है।

**इंजीनियरिंग छात्रा से रेप:** झांसी रोड थाना क्षेत्र में एक 23 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा ने अपने साथी छात्र आर्यन राजपूत पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। छात्रा का आरोप है कि 2023 में आरोपी ने उसे अपने घर ले जाकर जबरन संबंध बनाए और शादी से इनकार करने पर पुलिस में मामला दर्ज कराया गया।

**किराएदार महिला से दुष्कर्म:** गिरवाई थाना क्षेत्र के गढ़ा वाला मोहल्ला में मकान मालिक के बेटे मोहन सिंह कुशवाह ने अपनी ही किराएदार 26 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म किया। घटना के समय महिला घर पर अकेली थी। पीड़िता की मां के घर पहुँचने पर आरोपी मौके से भाग निकला, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

**इंस्टाग्राम पर दोस्ती, नाबालिग से दुष्कर्म:** पनिहार थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय छात्रा के साथ राहुल सोलंकी नामक युवक ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता को मिलने के बहाने बुलाकर अपनी गाड़ी में बैठाया और जबरन दुष्कर्म कर उसे ब्लैकमेल करने लगा, जिसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## महिला से 45 हजार की ठगी

**ग्वालियर, 18 जुलाई।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र के आदित्यपुरम में साइबर ठगी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक महिला के खाते से बिना किसी कॉल या ओटीपी साझा किए 45 हजार रुपये से अधिक की राशि गायब हो गई। पीड़िता मंजू सिंह चौहान ने बताया कि 10 जुलाई को जब उन्होंने अपना मोबाइल चेक किया, तो उन्हें खाते से पैसे कटने के मैसेज मिले। अकाउंट स्टेटमेंट देखने पर पता चला कि उनके खाते में मौजूद 51 हजार रुपये में से 44 हजार 999 रुपये और 99 पैसे किसी अज्ञात व्यक्ति की यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर कर दिए गए हैं, जिसके बाद खाते में केवल 6 हजार रुपये ही शेष बचे।





# चक्काजाम : वार्ड 27 में गंदे पानी की सप्लाई से जनता में आक्रोश

**लोगों ने दी 24 घंटे की चेतावनी**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 18 जुलाई।** शहर के वार्ड क्रमांक 27 के अंतर्गत आने वाले मीरा नगर में पिछले 15 दिनों से लगातार आ रहे गंदे और दूषित पानी की समस्या से परेशान होकर आज क्षेत्रवासियों के सब्र का बांध टूट गया। नगर निगम की घोर लापरवाही और अधिकारियों की उदासीनता से नाराज होकर स्थानीय निवासियों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**खानापूर्ति कर लौट जाते हैं अधिकारी**

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि पिछले दो हफ्तों से घरों में बदबूदार और गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। इसकी शिकायत कई बार नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से की गई, लेकिन हर बार अधिकारी सिर्फ औपचारिकता (फॉर्मेलिटी) और खानापूर्ति करके चले जाते हैं, समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। गंदे पानी के कारण क्षेत्र में बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

**इनका कहना है ...**

**लगातार मिल रहे गंदे पानी से आक्रोशित जनता**

अगर अगले 24 घंटे के भीतर क्षेत्र में सीवर और सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू नहीं की गई, तो कल (अगले दिन) क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर नगर निगम मुख्यालय का उग्र घेराव किया जाएगा।

**गणेश समाधिया,**

**पूरे वार्ड में सीवर चोक और दूषित पानी का संकट**

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, यह समस्या सिर्फ मीरा नगर तक सीमित नहीं है। वार्ड 27 की विभिन्न बस्तियों जैसे सुब्बा कॉलोनी, नर्मदा कॉलोनी और आर्य नगर में भी लंबे समय से निरंतर गंदे पानी की सप्लाई हो रही है और सीवर पूरी तरह चोक पड़े हैं।

**पूरन गुर्जर**

## शीतला माता मंदिर में हर सोमवार होगी साप्ताहिक जनसुनवाई, आज से शुरुआत

**ग्वालियर, 18 जुलाई।** सिद्ध पीठ श्री शीतला माता मंदिर समिति/ट्रस्ट (ग्राम सातऊ, ग्वालियर) द्वारा श्रद्धालुओं और आमजन की सुविधा तथा मंदिर व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए एक अनूठी पहल की जा रही है। 19 जुलाई से प्रत्येक सोमवार को मंदिर कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक सोमवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक होने वाली इस जनसुनवाई में मंदिर से संबंधित व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं के सुझावों और क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा। समस्याओं के त्वरित व प्रभावी निराकरण के लिए जनसुनवाई में न्यासी महंत मजबूत भगत, न्यासी गजराज भगत, वीरेन्द्र भगत, रमेश भगत, दीपक भगत, जितेन्द्र भगत, हिमांशु भगत, अभिषेक भगत एवं कृष्णकांत भगत सहित महंत परिवार के सभी सदस्य सामूहिक रूप से उपस्थित रहेंगे। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याएं व सुझाव प्रस्तुत करें ताकि उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके।


**CHANGE OF NAME**

I, SOLANKI GEETABEN PRAVINSINH mother of No 15187898M Rank - Hav (Gnr) Name - Solanki Harpalsinh Pravinsinh, Presently residing at Village - Khambhada, Post Office - Khambhada, Teh - Dhrangadhra, Dist - Surendra Nagar, State -Gujrat, Pin-363320 have changed my name from SOLANKI GEETABEN PRAVINSINH to SOLANKI GITABEN PRAVINBHAI vide affidavit no. CC 131819 dated 17.07.2026 before District court Gwalior (M.P.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 4376072-P, Rank L/NK नाम MAYENGBAM BIMOLJIT MEITEI पुत्र श्री M. Ibocha Meit R/o- Keirak Leirak achouba Thoubal Manipur 795103 सूचित करता हूँ कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम MAYENGBAM 0 AYINGBI LEIMA त्रुटिवश दर्ज है। जबकि मेरी पत्नी का सही नाम MAYENGBAM ONGBI AYINGBI LEIMA है एवं मेरी पत्नी के समस्त दस्तावेजो (आधार कार्ड आदि) में भी यही नाम अंकित है। अत: मेरी पत्नी का सही नाम MAYENGBAM ONGBI AYINGBI LEIMA को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावे। सत्यापित एफिडेविट क्र. CC 019154 एवं दिनांक 16/07/2026

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांक: GWL/AE/L-9/Genl. दिनांक: 17.07.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्वालियर - धौलपुर रेल मार्ग पर ग्वालियर - बिरलानगर रेल खण्ड में स्थित ब्रिज संख्या 1225/1 (गाटर वाली पुलिया) को जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की संभावना के दृष्टिगत से आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस ब्रिज को आवागमन हेतु बंद किया जाता है। इस मार्ग की जगह आने जाने हेतु पास में ही स्थित चमडा मिल ब्रिज (ROB) का उपयोग किया जाये।

1659/26(AK) सहायक मण्डल इंजी./ग्वालियर

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


**ग्वालियर, 18 जुलाई।** कॉकरोच जनता पार्टी सोनम वांगचुक के आमरण अनशन को खत्म कराने के सरकारी प्रयासों के विरोध में ग्वालियर में बड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी। ग्वालियर से कई कार्यकर्ता जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में शामिल होने दिल्ली रवाना हो गए है।

# परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य केंद्र सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 18 जुलाई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.एस. सागर की अध्यक्षता में, विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़े (11 से 18 जुलाई) के तहत एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सीएमएचओ कार्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 के दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और आशा कार्यकर्ताओं को जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ. जे.एस. राजपूत द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. सागर ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 'जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल' के संदेश के साथ मां और शिशु के स्वास्थ्य में सुधार लाना है।



**इन्हें मिला सम्मान:** उप-स्वास्थ्य केंद्र: धनेली, बंधोली (ब्लॉक हस्तिनापुर) और अजयपुर न्यू (ब्लॉक घाटीगांव)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र: उटीला, बरई एवं कुलैथ और आशा कार्यकर्ता (ईएसबी स्कीम): श्रीमती गीता चौहान (भितरवार), श्रीमती कमलेश बघेल और श्रीमती मीरा कुशवाह (घाटीगांव)। आशा कार्यकर्ता (अंतरा इंजेक्शन): श्रीमती रेनू सेन (भितरवार), श्रीमती किरण जाटव और श्रीमती रानी रावत (घाटीगांव) को सम्मानित किया गया। ?इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राम कुमार गुप्ता, जिला मीडिया अधिकारी आई.पी. निवारिया, डीसीएम एम.एस. खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 08 वार्ड क्रं 18,स्थान जी.एम 277, डी.डी नगर ग्वा0** मे स्थित है जो कि **मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000280401** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **1431** वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र **डी.डी नगर, क्षे.क्र 08**, पर दिनांक **17.07.2026** को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं **65/2010/49475/49347** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**महेश कुमार शर्मा/नारायण प्रसाद शर्मा**
पता-डी.डी नगर ग्वा0(म.प्र.)
मो0-7999367432
विज्ञप्ति जारी दिनांक-18.07.2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 24 वार्ड क्रं65,स्थान गिरवाई ग्वा0** मे स्थित है जो कि **अनिल शिवहरे/हरिनारायण शिवहरे** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000273594** पर दर्ज है। जिसका **क्षेत्रफल 1219 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं** R-12062601017513 **दिनांक 12.06.2026** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र **अजयपुर क्षे.क्र 24** पर दिनांक 18.07.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**आयुषी बत्रा/हिमांशु भल्ला**
पता-गिरवाई ग्वा0(म.प्र.),मो0-7906254257
विज्ञप्ति जारी दिनांक-18.07.2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 24 वार्ड क्रं65,स्थान गिरवाई ग्वा0** मे स्थित है जो कि **अनिल शिवहरे/हरिनारायण शिवहरे** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000273597** पर दर्ज है। जिसका **क्षेत्रफल 1062 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं** R-12062601011652 **दिनांक 12.06.2026** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र **अजयपुर क्षे.क्र 24** पर दिनांक 18.07.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

**बरखा भल्ला/भारत भूषण भल्ला**
पता-गिरवाई ग्वा0(म.प्र.),मो0-9977801777
विज्ञप्ति जारी दिनांक-18.07.2026

**In the Court of Shri R. K. Purohit, 4th Jt. Civil Judge (Sr.Dn.) Chandrapur**

*"Form No.1A"*
*Summons for service by advertisment in a Newspaper (O.V.,R.20)*

*To,* ***Fixed On 18/08/2026***

34-A) Madhuri Rajiv Kumar Bansal
34-B) Ku. Nidhi Rajiv Kumar Bansal
34-C) Garsika Rajiv Kumar Bansal
34-D) Master Tanmay S/o. Rajiv Kumar Bansal Both R/o Tansen Road, Opposite MPSEP Office, Gawliar Gird, Madhya Pradesh-474002

*WHEREAS Munna Ramchandra Khobragade has filed Suit for Declaration and permanent injunction, you are hereby summoned to appear in this Court in person or by a pleader on the 18th day of Auguest, 2026, at 11-00 O'clock, to answer the same, failing which the suit will be disposed of ex-parte.*

*Also take notice that in default of your filing an address for service on or before the date mentioned you are liable to have your defence struck out*

*Note :- Non- applicant to submit his reply within 30 days from the date of publication.*

*Given under my hand and the seal of the Court, this 16th day of July, 2026.*

*Seal* ***Asstt. Supdt.***
*4 th Court of Civil Judge (Sr.Dn.) Chandrapur.*


# विशेषज्ञों ने दिए एआई युग में सफलता के मंत्र

## आईआईटीटीएम में 'टूरिज्म करियर 2035' पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**ग्वालियर, 18 जुलाई।** भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान (आईआईटीटीएम) में विद्यार्थियों को पर्यटन उद्योग के भविष्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावों से अवगत कराने के लिए 'टूरिज्म करियर 2035: बिल्डिंग ग्लोबल प्रोफेशनल्स इन द एज ऑफ एआई' विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रख्यात पर्यटन विशेषज्ञ प्रो. (डॉ.) आशीष दहिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में डॉ. दहिया ने कहा कि वर्ष 2035 तक पर्यटन में डेटा एनालिटिक्स, स्मार्ट टूरिज्म और एआई की भूमिका बेहद अहम होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को केवल डिग्री तक सीमित न रहकर तकनीकी दक्षता, वैश्विक दृष्टिकोण और नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। संस्थान की प्रभारी निदेशक प्रो. (डॉ.) मोनिका प्रकाश ने अपने संदेश में कहा कि आईआईटीटीएम विद्यार्थियों को भविष्य की वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। नोडल अधिकारी प्रो. (डॉ.) सौरभ दीक्षित ने कहा कि डिजिटल तकनीकों ने पर्यटन की कार्यप्रणाली को बदल दिया है, इसलिए विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव और डिजिटल दक्षता पर ध्यान देना चाहिए।



कार्यक्रम में समन्वयक डॉ. चंद्रशेखर बरुआ और डॉ. आर. अभिलाष ने भी विद्यार्थियों को आतिथ्य क्षेत्र में आ रहे तकनीकी बदलावों के प्रति जागरूक किया। संवादात्मक सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यटन में एआई की भूमिका और रोजगार के अवसरों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समाधान किया। इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य, अधिकारी, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।


**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 29 स्थान ग्राम महलगांव करोली माता मन्दिर के पास में स्थित है जो कि हक त्यागकर्ता श्रीमती मनोरामा शर्मा /श्री डॉ. सी.पी. शर्मा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000258453 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1122 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र A100818509 दिनांक 11/09/2025 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कैलाश नगर-14 पर दिनांक... को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक...है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 18-7-2026**
**जीतेन्द्र शर्मा /श्री विद्या रत्न शर्मा**
**पता : ग्राम महलगांव, करोली माता मन्दिर के पास, वार्ड - 29, ग्वालियर म.प्र.**

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.24 वार्ड क्रं. 65 भवन क्रं. ..,स्थान: गिरवाई पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती वर्षा अग्रवाल / श्री विजय अग्रवाल आदि के नाम से नगर निगम में आई.डी.क्रं.9000273595 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1226 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. R-19062601059471 दिनांक 19.06.2026 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर क्षे.क्रं.24 पर दिनांक 18.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य.क्रं. ..प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

**अमिता भटनागर पत्नी श्री जीतेन्द्र भटनागर**
पता : गिरवाई, वार्ड-65, मो. 9685682385
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 18-07-2026

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 24 वार्ड क्रं. 65 भवन क्रं. ..,स्थान: गिरवाई पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती अनिल शिवहरे / श्री हरिनारायण शिवहरे के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000262713 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 805 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. R-2705600894700 दिनांक 25.05.2026 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर क्षे.क्रं. 24 पर दिनांक 18.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. ..प्र.क्रं. *3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

**श्रेया भटनागर पत्नी श्री दीपांशु भटनागर**
**रेनू भटनागर पत्नी श्री मुकेश भटनागर**
पता : गिरवाई, वार्ड-65, मो. 8218906327
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 18-07-2026

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 08 वार्ड क्रं. 25 भवन क्रं. ..,स्थान: जडेरूआ बांध रोड, लाल साहब की बगीची, मुरार पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती रमा देवी शर्मा पत्नी श्री विनोद शर्मा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000274684 पर काबिज में दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1400 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A101220026 दिनांक 31.12.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र टप्पा तहसील क्षे.क्रं. 08 पर दिनांक 15.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 66/2010/76771/76868/प्र.क्रं. *3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

**श्रीमती रानी शर्मा पत्नी श्री संदीप कुमार**
पता : जडेरूआ बांध रोड, लाल साहब की बगीची, मुरार, वार्ड-25
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 18-07-2026

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 08 वार्ड क्रं. 25 भवन क्रं. ..,स्थान: प्लाट क्र.19 अमित बिहार कॉलोनी, लेदर फैक्ट्री, मुरार पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती मुन्नी बेगम पत्नी श्री नजीर खान के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000274144 पर काबिज में दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A101176791 दिनांक 22.12.2015 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र टप्पा तहसील क्षे.क्रं. 08 पर दिनांक 15.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 66/2010/76772/76869/प्र.क्रं. *3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

**श्रीमती जाहरा बेगम पत्नी श्री इस्माइल खान**
पता : प्लाट क्र.19 अमित बिहार कॉलोनी, लेदर फैक्ट्री, मुरार, वार्ड-25
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 18-07-2026